>

Title: Regarding recent political developments in Karnataka.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): हाँ सर । आपने समय दिया । फिर भी मैं कहता हूँ कि सत्तारूढ़ पार्टी को आप एक घंटे का समय दीजिए, हमें मिनट दीजिए । हम मिनट में खुश हैं । सर, छोटी सी बात है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : एक मिनट, यह सदन आपका है । मैं सभी माननीय सदस्यों को हमेशा बोलने का मौका देता हूँ ।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, इसीलिए मैं आपके पास बार-बार जाता हूँ ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप एक ही विषय को हर रोज़ सदन में उठाएँगे तो अच्छा संदेश नहीं जाएगा ।

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, यह आपका तर्क वाजिब है, लेकिन मैं एक ही इश्यू बार-बार नहीं दोहराता हूं । आज का इश्यू महाराष्ट्र का है, जहाँ मार्शल लॉ लागू हो चुका है । महाराष्ट्र में मार्शल लॉ लागू हो चुका है । कैसे? कर्नाटक के इरिगेशन मिनिस्टर बॉम्बे गए । होटल बुक किया । उनका नाम शिवकुमार है । कर्नाटक के इरिगेशन मिनस्टिर बॉम्बे गए, होटल बुक किया, गाड़ी से उतरे । जब होटल में जाने लगे, दरवाजे पर पहुंचे तो पुलिस ने उनको घेर लिया । उनको कहने लगे कि आप अंदर नहीं जा सकेंगे । होटल का मालिक आकर कहता है कि आपकी बुकिंग कैंसिल हो गई है । इसका मतलब क्या है? सर, एमएलएज को वहाँ जबर्दस्ती ले गए थे, आज चुने हुए नुमाइंदों की खरीद-फरोख्त की जा रही है । मंत्री जी से उनको मिलने नहीं दिया जाता है, मंत्री जी भी उनसे नहीं मिल

पाते। यह घिनौनी साज़िश बंद होनी चाहिए। सर, आज हिन्दुस्तान के लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : केवल जोशी जी की बात ही रिकॉर्ड में जाएगी।

...(व्यवधान) *

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी) : एक मिनट रूकिए। आप हमारा जवाब सुनिए।...(व्यवधान) When you have raised this issue, you have to listen. ...(*Interruptions*) Sir, they have to listen now. ...(*Interruptions*) He has raised the issue regarding Maharashtra where MLAs are staying....(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : मंत्री जी, जवाब देना चाह रहे हैं। आप सुनिए।

...(व्यवधान)

SHRI PRALHAD JOSHI : I will put it on record that the MLAs belonged to the Congress Party. ...(*Interruptions*) MLAs, who were from the Congress Party, have resigned....(*Interruptions*) Their resignation is not being accepted....(*Interruptions*) It is delayed. ...(*Interruptions*) For that purpose, they might have gone to Mumbai....(*Interruptions*) They have given in writing to the Mumbai Police Commissioner. ...(*Interruptions*) All the MLAs, who were there, they have written. ...(*Interruptions*) MLAs of the Legislative Assembly of Karnataka have written that they are staying in such and such hotel....(*Interruptions*) They wrote: "We have learnt that Mr. D.K. Shivakumar has come to Mumbai. ...(*Interruptions*) There is a threat to our lives from Mr. D.K. Shivakumar." ...(*Interruptions*) They have given in

writing to the Police Commissioner: “There is a threat to us from Mr. D.K. Shivakumar. Do not allow him.” …(*Interruptions*) This is what they have written in a letter to the Mumbai Police Commissioner. That is why, it is being written.…(*Interruptions*) They cannot control their MLAs. …(*Interruptions*) As already said by Shri Rajnath Singh, Rahul Gandhi ji has started this resignation process. …(*Interruptions*) राहुल गाँधी जी ने इस्तीफे का सिलसिला चालू किया है ।…(व्यवधान) उसके अनुसार इस्तीफा देकर वे मुंबई चले गए हैं और उन्होंने कहा है कि ये जो डी.के.शिवकुमार हैं, उनके कारण हमको थ्रेट है ।…(व्यवधान) उन्होंने ऐसा लिखित में मुंबई पुलिस कमिश्नर को दिया है ।…(व्यवधान)

<u>12.37 hrs</u>

At this stage, Shri Adhir Ranjan Chowdhury, Shri T.R. Baalu, Shri Kalyan Banerjee and some other hon. Members left the House.

… (*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI: After that written complaint, the Mumbai Police Commissioner is giving security to that MLA and to that hotel. What is wrong in that? Let him understand. Mr. Adhir Ranjan Chowdhury, a learned Member, should understand what is happening in West Bengal. …(*Interruptions*) In spite of that, he has been told to go to another hotel because MLAs have given in writing to the Mumbai Police Commissioner. I want this to put on record. Thank you very much, Sir.